हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 20 .9 डिग्री
न्यूनतम 14 .3 डिग्री

11 अनुशासन और अच्छे संस्कार एक विद्यार्थी की पहचान : सुरेंद्र दहिया



12 'लोक कला उत्सव' में कलाकारों संग थिरकी छात्राएं




## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी में युवा सम्मेलन आज

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आज युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों से हजारों युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि युवा सम्मेलन में राज्यसभा के उप-सभापति शहरिवंश बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे और युवाओं को अपने विचारों से प्रेरित करेंगे।

### झरोठ उप स्वास्थ्य केंद्र से रिकॉर्ड चोरी

**खरखौदा।** आनंदपुर झरोठ गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में रात को अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर रिकॉर्ड व सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में बेडशीट, एएनसी रजिस्टर, पुराने रिकॉर्ड, व्हीलचेयर, लैब टेस्टिंग किट, पेपर रिम और सिरिंज के बॉक्स शामिल हैं। एमपीएचडब्ल्यू नरेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सोनीपत।** शास्त्री नगर के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर अस्पताल में पहुंचाया। परिजनों ने मुताबिक गांव अगवानपुर निवासी कृष्ण (60) वीरवार को अपनी पेंशन बनवाने के लिए लघु सचिवालय में आए थे। समाज कल्याण विभाग कार्यालय से अपना काम निपटाने के बाद वह अपने गांव वापस जाने के लिए लघु सचिवालय से बाइक पर सवार होकर निकले। शास्त्री नगर के पास पहुंचने पर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### खेत से सोलर पंप की मोटर चोरी

**खरखौदा।** किसान देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को सूचित किया कि थाना कलां मार्ग पर उनके खेत में लगे सोलर पंप की 3 एचपी की मोटर चोरी हो गई है। खेत में जहां कोठड़े का ताला टूटा हुआ और दीवार भी तोड़ी हुई मिली है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुलविन्द्र निवासी गांव कुराड़ इब्राहिमपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 19 मार्च 2026 को थाना मुरथल में तैनात मुख्य सिपाही सज्जन अपनी टीम के साथ मुरथल फ्लाईओवर के नीचे गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि कुलविन्द्र अवैध देशी पिस्तौल के साथ कहीं जाने के लिए खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की तलाशी ली तो उसे अवैध पिस्तौल मिला।

### 6 घंटे में हुई 11.7 एमएम बरसात में ही जलभराव, निकासी न होने से आफत

# दो साल में डेढ़ अरब खर्च फिर भी बारिश में डूबीं सड़कें

## सड़कों का लेवल ठीक न होना बना मुसीबत, गड्ढों में फंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहरभर में जहां करोड़ों रुपये खर्च कर सड़कों के सुधार के लंबे चौड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं शुक्रवार को करीब 6 घंटे हुई रिमझिम बारिश ने विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी। बारिश से पानी निकासी के अभाव व सड़कों का लेवल सही नहीं होने से अधिकतर सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही। कई सड़कों किनारे दोपहर तक पानी भरा रहा, तो कहीं सड़कों की ऊपरी परत उखड़ने लगी है। गड्ढों के कारण जहां चालकों के वाहन डगमगाने लगे हैं, वहीं राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़कों के सुधार व निकासी व्यवस्था में विभिन्न विभाग आगे दौड़ पीछे छोड़ की नीति अपना रहे हैं। यही कारण है सड़कों के पुनर्निर्माण व मरम्मत के बावजूद हाल बेहाल हैं।

विभिन्न विभाग करीब दो साल में जिलाभर के प्रत्येक ब्लॉक में 90 से ज्यादा सड़कों की मरम्मत पर करीब 1.50 अरब से ज्यादा रुपये की राशि खर्च कर चुके हैं। लोक निर्माण विभाग वर्ष 2023 से 2025 तक जिले की करीब 90 सड़कों का पुनर्निर्माण या मरम्मत कार्य करवाया जा चुका है। इन सड़कों पर करीब 1.10 अरब की राशि खर्च की गई है, जबकि नगर निगम की ओर से वर्ष 2025 के अंत में करीब 50 लाख रुपये की राशि विभिन्न कॉलोनियों व गलियों के सुधार पर खर्च की गई है, लेकिन निकासी की अव्यवस्था सड़कों पर लगे अरबों रुपये को पानी में बहा रही है। शहरवासी संदीप कुमार, नरेश, सुमित, सुनील, प्रमोद, संजय व अमित कुमार ने बताया कि शहरभर में हल्की बारिश से ही सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन रही है। इससे निपटने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं।


मॉडल टाउन में ये नजारा...


ओल्ड डीसी रोड


गीता भवन रोड


एसबीआई बैंक


कच्चा क्वार्टर मार्केट

### सड़कों पर 1.74 करोड़ खर्चने की तैयारी

प्रशासन की ओर से मानसून से पहले शहरभर में होने वाले जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों के साथ योजना तैयार की गई है। निवर्तमान मेयर राजीव जैन के प्रयास से अकेले नगर निगम ने शहरभर की खस्ताहाल सड़कों का सुधार व मरम्मत करवाने के लिए दो भागों में 25-25 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है, लेकिन 6 दिन के अंदर हुई दोबारा हल्की बारिश ने ही सड़कों की स्थिति से पर्दा उठाया है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कई सड़कें व कॉलोनियों की गलियां खस्ताहाल हैं। खस्ताहाल सड़कों के कारण स्थानीय लोग व वाहन चालक परेशान हैं। शिकायतों के बाद नगर निगम ने सड़कों की हालत सुधारने के लिए 1.74 करोड़ रुपये का टेंडर लगाया है।

### इन कॉलोनियों में निकासी न होने से आफत

शहरवासियों का आरोप है कि शहर में जिन सड़कों का सुधार करवाया गया है, वहां भी सड़कों का लेवल सही नहीं है। न ही सड़कों पर निकासी की उचित व्यवस्था की गई है। यही कारण है कि हल्की बारिश में भी सड़कों किनारे जलभराव हो रहा है। शहर में गीता भवन रोड, ककरोई रोड, गीता भवन रोड, कच्चे क्वार्टर मार्केट रोड, विवेकानंद चौक, ओल्ड डीसी रोड, मॉडल टाउन, आठ मरला, मामा-भांजा चौक, मुरथल रोड, सब्जी मंडी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में पानी की निकासी का अभाव है। जलभराव होने से सड़कें जल्द खस्ताहाल हो रही हैं।

**वाहन चालक व राहगीर परेशान :** सड़क सुरक्षा संगठन के सदस्यों ने कहा कि रिमझिम बारिश के दौरान शहर की सड़कों की ऐसी स्थिति है, तो मानसून के दौरान सड़कें नदियों का रूप ले लेंगी। बारिश से सड़कों व किनारों पर जलभराव होने से गुजरने वाले हजारों राहगीरों व वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीर को दूषित पानी से गुजरना पड़ रहा है।


**सोनीपत।** बारिश व तेज हवाओं कारण खेतों में बिछी गेहूं की फसल।

## बरसात और तेज हवाओं से खेतों में गेहूं की फसल बिछी, सरसों को भी खतरा

**सोनीपत।** मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जिले में मौसम का मिजाज वीरवार रात अचानक बिगड़ने व रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनभर रुक-रुक हुई हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई। जिलाभर में हुई करीब 11.7 एमएम बारिश ने किसानों के माथों पर चिंता की लकीरे पड़ गई। बारिश व हवाओं के कारण कई जगह खेतों में गेहूं की फसल बिछ गई, वहीं पकने को तैयार खड़ी सरसों पर भी संकट मंडरा रहा है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो मार्च माह में बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। ऐसे में मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा, 22 मार्च तक बूंदाबांदी के आसार बने रहेंगे। बारिश के चलते शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान 20.9 व न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया।

### फसल नुकसान की तीन दिन में रिपोर्ट तैयार होगी

कृषि विभाग के उप निदेशक पवन शर्मा ने बताया कि जिले में बारिश से गेहूं की फसल से ज्यादा सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। फिलहाल कितने किसानों को कितना नुकसान हुआ है, इसकी रिपोर्ट 3 दिन के अंदर तैयार करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि किसानों ने जिले में करीब 3.62 लाख एकड़ जमीन पर गेहूं की फसल उगाई है, जो पकने को तैयार है। वहीं करीब 10 हजार एकड़ जमीन पर सरसों की फसल उगाई गई है। कुछ किसान फसल लेकर मंडी भी पहुंच रहे है।

### टमाटर व शिमला मिर्च के फूल झड़ने का खतरा

वहीं गेहूं व सरसों के अलावा जिले में टमाटर व शिमला मिर्च जैसी सब्जियों की फसल का उत्पादन भी शुरू होने वाला है। बारिश के कारण सब्जियों के फूल झड़ने से उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। फिलहाल फसलों के दृष्टिगत किसानों के लिए साफ मौसम की आवश्यकता है। वहीं जगदीशपुर कृषि केंद्र स्थित मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय से जिले में करीब 11.7 एमएम बारिश दर्ज की गई। सोनीपत व गन्नौर ब्लॉक में 10 एमएम, गोहाना में 4 एमएम, खानपुर कलां में 10 एमएम, खरखौदा में 5 व राई में 6 एमएम बारिश दर्ज की गई।

## बिजली कर्मियों को धमकी देने के आरोप में सरपंच गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव तिहाड़ कलां में बिजली निगम के कर्मचारियों को धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में सदर थाना पुलिस ने सरपंच पवन को गिरफ्तार किया। हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले की जानकारी के अनुसार बिजली निगम की टीम द्वारा हाल ही में तिहाड़ कलां और तिहाड़ खुर्द गांवों में बकाया बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, उनमें तिहाड़ कलां के सरपंच पवन का कनेक्शन भी शामिल था। बताया गया है कि कनेक्शन काटने की कार्रवाई के बाद सरपंच पवन ने बिजली निगम के कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस संबंध में महलाना शिकायत केंद्र से जुड़े एरिया इंचार्ज वेदांत, लाइनमैन रमेश, सहायक लाइनमैन राजेंद्र और प्रवीण ने 17 मार्च को विभागीय कार्यालय में लिखित शिकायत दी।

### जमानत पर रिहा

शिकायत के आधार पर कनिष्ठ अभियंता सूरज ने सदर थाना में मामला दर्ज कराया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरपंच ने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित सरपंच पवन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## पानी से भरे प्लॉट में डूबने से दो साल की बच्ची की मौत

**सोनीपत।** सोनीपत के बहालगढ़ क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय मासूम बच्ची की पानी से भरे खाली प्लॉट में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है। बच्ची शाम के समय घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन देर रात उसका शव घर के पास ही एक खाली प्लॉट में भरे पानी से बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव पहलादपुर निवासी सर्वेंद्र सिंह का परिवार वर्तमान में बहालगढ़ में किराये के मकान में रह रहा है। वीरवार शाम करीब सात बजे उनकी दो वर्षीय बेटी आरुषि घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई। बच्ची के अचानक गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश



- शाम को घर के पास खेलते खेलते अचानक लापता हुई, देर रात को मिला शव

शुरू कर दी। काफी देर तक जब बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक तौर पर बच्ची के अपहरण की आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस की कई टीमों ने इलाके में व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। स्थानीय लोगों की मदद भी ली गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

## असली बताकर दुकान पर बेचा जा रहा था नकली हार्पिक, 105 बोतलें बरामद

**गन्नौर।** पुरानी सब्जी मंडी स्थित जतिन किरयाना स्टोर पर नकली उत्पाद बेचने के मामले के पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकान से बड़ी मात्रा में नकली शौचालय साफ करने वाले हार्पिक उत्पाद की बोतलें बरामद की है। कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में कंपनी में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक दिल्ली निवासी पुनीत ढींगरा द्वारा अपने उत्पादों के नाम से नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया था। उन्होंने गन्नौर क्षेत्र में जांच के दौरान पाया कि पुरानी मंडी स्थित एक किराना स्टोर पर कंपनी के नाम से नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। उन्होंने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान संचालक को साथ लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकान में रखी दो गत्ते की पेटियों में 500 मिलीलीटर की 57 बोतलें तथा एक अन्य पेटी में 200 मिलीलीटर की 48 बोतलें संदिग्ध पाई गईं।

- कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने की छापेमारी
- कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज


**गन्नौर।** दुकान में जांच करती टीम व पुलिस।

### जांच में नकली निकले उत्पाद

जांच करने पर ये सभी उत्पाद नकली पाए गए। पुलिस ने मौके से नमूने के तौर पर कुछ बोतलें अलग कर सील कर लीं और शेष माल को कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति को स्वतंत्र गवाह के रूप में शामिल किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि दुकान संचालक द्वारा नकली उत्पाद बेचकर आम जनता को धोखे में रखा जा रहा था। थाना गन्नौर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

## कमर्शियल सिलेंडरों का 20% स्टॉक जल्द मिलने की उम्मीद

### सबसे पहले अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए गैस उपलब्ध करवाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला में करीब 10 दिन से चली आ रही कमर्शियल गैस की किल्लत के बीच जल्द लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि जिले में पहले से प्रयोग हो रही कुल कमर्शियल गैस की खपत का 20 प्रतिशत भाग जल्द मुहैया करवाया जा रहा है। हालांकि 20 प्रतिशत कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति होने के बाद सबसे पहले आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थान, विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों के लिए सिलेंडर मुहैया करवाए जाएंगे। इसके बाद अगर स्टॉल बचता है या पीछे से आपूर्ति के फीसदी में बढ़ोतरी की जाती है, तो कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवसायियों जैसे होटल, ढाबा, खाद्य स्टॉल व दुकानदारों को भी की जाएगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से लोगों की समस्या को देखते हुए जल्द समाधान करवाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं जिले में अब घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में पहुंचने लगी है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर 24 घंटे के अंदर घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। कमर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति बंद होने से दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालकों का स्टॉक निपट चुका है। व्यवसाय में धड़ल्ले से घरेलू गैस का प्रयोग होने लगा है। साथ ही घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए टीमें गठित की गई है। विभाग की ओर से कार्रवाई के दौरान अब तक कुल 62 छोटे-बड़े घरेलू व कमर्शियल सिलेंडरों को जब्त किया गया है।



**सोनीपत।** सुभाष चौक के पास एक स्टॉल में प्रयोग हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर।

### उच्च अधिकारियों से आश्वासन मिला

जिले में जल्द कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू हो सकती है। इसके लिए उच्च अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का जल्द समाधान करवाने के प्रयास किए जा रहे है। प्रथम चरण में सामान्य खपत का आंकलन कर 20 प्रतिशत सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। सबसे पहले आवश्यक सेवाओं के तहत अस्पताल, शिक्षण संस्थान व शादी समारोह के लिए सिलेंडर आवंटित किए जाएंगे।
**-विंशेल सहरावत,** जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, सोनीपत

## शाहजादपुर का सरपंच दीपक गबन के आरोप में बर्खास्त

**गन्नौर।** शाहजादपुर के सरपंच दीपक शर्मा को ग्राम पंचायत के धन के गबन के आरोप साबित होने पर उपायुक्त सने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(3)(ई) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त कर दिया। आदेश है कि जांच में सामने आया कि सरपंच दीपक शर्मा ने 92 सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के नाम पर ग्राम पंचायत के खाते से 4 लाख 63 हजार 680 रुपये की राशि निकाली, लेकिन वास्तविकता में केवल 48 लाइट ही कार्यशील पाई गईं। कई लाइटों को मरम्मत के लिए उतारने के बाद दोबारा लगाया ही नहीं गया। इससे पहले भी मिली शिकायत में उपायुक्त के आदेश पर जिला परिषद के अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की गई जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित भुगतान बिना तकनीकी सत्यापन के ही कर दिया गया। न तो कनिष्ठ अभियंता और न ही उपमंडल अभियंता से बिल की जांच कराई गई। इसके अलावा मरम्मत कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक तकनीकी स्वीकृति भी नहीं ली गई। जांच के दौरान सरपंच द्वारा प्रस्तुत किए गए फोटो भी फर्जी पाए गए। जीपीएस टैग वाले ये फोटो गांव शाहजादपुर के बजाय सोनीपत शहर की एक कॉलोनी के पाए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि साक्ष्य गढ़े गए थे।

### आरोप निराधार

वहीं, बर्खास्त किए गए सरपंच दीपक शर्मा ने कहा कि उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है। उन्होंने अपने पक्ष में पर्याप्त सबूत पेश किए थे व ग्रामीणों की गवाही दिलवाई थी, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। कार्रवाई एकतरफा की गई। इस कार्रवाई के खिलाफ के खिलाफ वे अदालत में जाएंगे।

## अमेरिका भेजने का झांसा देकर युवक से 50 लाख की ठगी

**गोहाना।** विदेश भेजने के नाम पर करीब 50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव भैंसवान खुर्द निवासी दिनेश कुमार ने आरोप लगाया कि तीन लोगों ने मिलकर उसे अमेरिका भेजने का झांसा देकर बड़ी रकम हड़प ली। पुलिस को दी शिकायत में दिनेश ने बताया कि वह पहले ओमान (मस्कट) में काम कर चुका है और अमेरिका जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात पानीपत जिले के गांव निम्बारी निवासी परमिन्द्र उर्फ शेरू से हुई, जिसने उसे 32 लाख रुपये में अमेरिका भेजने का भरोसा दिया। आरोपी ने दावा किया कि वह उसे वैध तरीके से अमेरिका में एंट्री दिलवाएगा दिनेश के अनुसार, आरोपियों ने उससे अलग-अलग किस्तों में लाखों रुपये लिए और जुलाई-अगस्त 2024 में उसे दिल्ली, पानीपत होते हुए दुबई, फिर इथियोपिया और ब्राजील भेज दिया। इसके बाद उससे और पैसे मांगे गए। परिजनों ने 19 लाख रुपये और दे दिए, लेकिन आगे की यात्रा की व्यवस्था समय पर नहीं की गई, जिससे वह कई दिनों तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे दक्षिण अमेरिकी देशों में एजेंटों के हवाले कर दिया गया, जहां उसे कई जगह बंधक बनाकर रखा गया। रास्ते में उसका पासपोर्ट, मोबाइल और एटीएम भी छीन लिया गया। बाद में उससे नेपाल का फर्जी पासपोर्ट बनवाने के नाम पर भी पैसे लिए गए। कुलदीप शर्मा और कर्मबीर नामक अन्य आरोपितों ने भी अलग-अलग चरणों में उससे लाखों रुपये मंगवाए।

### मेक्सिको में माफिया गैंग ने बंधक बनाया

दिनेश ने बताया कि मेक्सिकों में उसे माफिया के कब्जे में रखा गया और जान से मारने की धमकी देकर उसके परिवार से और पैसे वसूले गए। किसी तरह वह अमेरिका पहुंचा, लेकिन 4 अप्रैल से 4 नवंबर 2025 तक डिटेंशन सेंटर में रहने के बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। भारत लौटने पर जब उसने आरोपितों से अपने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि उसने ट्रक बेचकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर करीब 50 लाख रुपये दिए थे।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही है और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रुबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्यमयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



हॉलीवुड मसाला



## वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



## डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



## सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।'



## रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महत्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

टीवी मसाला



## नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

नई दिल्ली। एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और



चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'

## टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गदर फिल्म अवार्ड्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

## ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

### किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबरदस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप



गोहाना। विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में रितिका प्रथम और मल्टी द्वितीय

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. मीनाक्षी सांगवान के मार्गदर्शन में मनोविज्ञान विभाग और एनटीएफ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

खुशहाली दिवस कार्यक्रम में छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं ने पोस्टर बनाकर खुश रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एनटीएफ प्रभारी डा. पिंकी और मनोविज्ञान विभाग प्रभारी डा. रेखा ने किया। प्रतियोगिता में रितिका ने प्रथम, मल्टी ने द्वितीय और स्मृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. रेखा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खुश रहना केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक आदत है, जो व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाती है।

### वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर दी दांतों की जानकारी

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस (वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे) के अवसर पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को दांतों की सही देखभाल करने की जानकारी दी गई। स्कूल की हेल्थ एंड वैलनेस क्लब की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने नौनिहालों को दंत सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर सुधीर जैन ने कहा कि दांतों और मसूड़ों की सेहत सिर्फ मुस्कान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर हमारे दिमाग और मानसिक स्थिति पर भी पड़ता है।

# बोर्ड परीक्षाएं : एचबीएसई 10वीं की परीक्षाएं संपन्न, अंतिम दिन 1546 ने दिया पेपर

- कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी 33 केंद्रों पर दी संस्कृत व्याकरण की परीक्षा, जांच के बाद मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की शुक्रवार को कक्षा 10वीं व 12वीं दोनों की बोर्ड परीक्षाएं ली गईं। कक्षा 10वीं की शुक्रवार को एनएसक्यूएफ के पेपर के साथ परीक्षाएं संपन्न हुई। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने एनएसक्यूएफ (शारीरिक शिक्षा, कृषि, बैंकिंग, हेल्थ केयर, होम फर्नीशिंग, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट) का पेपर दिया। वहीं फिलहाल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। विद्यार्थियों ने संस्कृत व्याकरण विषय की परीक्षा दी।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत 33 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं व 12वीं के पंजीकृत 1633 विद्यार्थियों में से 1546 ने पेपर दिया, जबकि 87 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। हालांकि जिलाभर नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। नकलरहित परीक्षा संपन्न होने पर शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली है।

### सीसीटीवी की निगरानी में हुआ पेपर

विद्यार्थियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर प्रवेश के समय चहल-पहल का माहौल रहा। कड़ी जांच के बाद सुबह 11:30 बजे के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया।अब तक बोर्ड परीक्षाओं में 12 नकल संबंधी मामले उजागर हो चुके हैं, नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों की यूएमसी बनाई गई है।



सोनीपत। गीता भवन चौक स्थित बने केंद्र पर परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## टीकाराम कन्या महाविद्यालय में हरियाणवी संस्कृति की छटा का दिखा उत्सव

# अनुशासन और अच्छे संस्कार एक विद्यार्थी की पहचान : सुरेंद्र दहिया

विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या गीता ने नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणवी संस्कृति शैक्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टीका राम शिक्षण समिति के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया रहे। अन्य अतिथियों में संस्था के महासचिव भूपेन्द्र दहिया व कार्यकारिणी के सदस्य अनिल ढुल व यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाली मानसी डागर रहे। कॉलेज प्राचार्या गीता ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि व सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वन्दना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधान सुरेन्द्र दहिया ने छात्राओं को अपनी हरियाणवी संस्कृति से जुड़ने व उसके संरक्षण के लिए समय-समय पर इस तरह कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अनुसाशन में रहने व अच्छे संस्कारों का पालन करना व सोशल मीडिया से दूर रहने का संदेश दिया तथा यूपीएससी पास करने वाली मानसी डागर को बधाई देते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्या प्रो. गीता ने सभी अतिथि गणों का स्वागत करते हुए विशेष तौर पर यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाली मानसी डागर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज प्रांगण में हरियाणवी संस्कृति उत्सव के तहत लोकनृत्य, रंगोली, फुलझडी बनाना, कोलॉज मेकिंग,बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, डलड़ी बनाना, मींदी बनाना, स्टैंड अप कॉमेडी, हरियाणवी समूह गायन व हरियाणवी कविता-पाठ प्रतियोगिता की गई। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. उपासना व आयोजन सचिव डॉ. पूनम रही। निर्णायक मंडल में कंचन सीधर, सुजाता, डा. सुमन मान, डॉ. हेमलता, डॉ आशा रानी, डॉ. प्रवेश रापडिया, डॉ. नेहा, डॉ. सविता, डा. दिव्याश्री व रीना ने निभाई। विजेता प्रतिभागियों को सुरेन्द्र सिंह दहिया व प्राचार्या गीता ने नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा अपनी संस्कृति को बचाए रखने के व अपनी जड़ो से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

#### ये रहे विजेता

लोकनृत्य एकल में हिमांशु आल इंडिया जाट हिरोज कॉलेज रोहतक, समूह गान में रेनू व निशिता टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, कोलॉज मेकिंग में ईशिता व अंकिता टीकाराम कन्या महाविद्यालय, फूलझड़ी में रिचा टीकाराम कन्या महाविद्यालय, रंगोली में मीनाक्षी हिन्दू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, हेयर वियरिंग में समईए जैन व मानसी टीकाराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टॉय मैकिंग में निकिता टीकाराम कन्या महाविद्यालय, पेंसिल स्केचिंग में ललित हिन्दू कॉलेज, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में दीप्ति जीवीएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंगोली मैकिंग में मीनाक्षी हिन्दू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, स्टैंड अप कॉमेडी में जतिन आल इंडिया जाट हिरोज कॉलेज रोहतक, पॉट डेकरैशन में अनीता जीवीएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, क्ले मौडलिंग में अमन हिन्दू गर्ल्स सोनीपत, हरियाणवी कविता पाठ में जतिन आल इंडिया जाट हिरोज कॉलेज रोहतक प्रथम रहे।



सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों के साथ अतिथि एवं स्टाफ।

### छात्रों ने तकनीकी कौशल का किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** आईआईटीएम में सनस्टोन के सहयोग से 19 मार्च को हैकाथॉन 2026 का आयोजन किया गया। इसमें बी.टेक (सीएसई, एआई/एमएल, डेटा साइंस) व बीसीए के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी तकनीकी क्षमता, नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने विभिन्न वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए, जिससे छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान और टीमवर्क विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रतिष्ठित जज पैनल ने किया, जिसमें नर्मता देशवाल, चैतन्य नायर, अलका शर्मा, नीरज ठाकुर, नवीन शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय 2100 और तृतीय 1100 प्रदान किए गए।



गोहाना। रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए विधायक इंदुराज नरवाल।

### शिविर में 28 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब आहुलाना द्वारा शुक्रवार को महम मार्ग स्थित गुढ़ा चुंगी पर आयोजित वार्षिक शिविर में 28 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर वातानुकूलित बस में लगाया गया जिसमें पीजीआई रोहतक की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। शिविर के मुख्य अतिथि बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल और गठवाला खाप के दादा बलजीत मलिक रहे। शिविर की अध्यक्षता डा. जगत सिंह ने की उन्होंने अपने पुत्र जतिन के साथ रक्तदान किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में पिता-पुत्र सुभाष मलिक और जतिन मलिक, नवीन मलिक व कर्मपाल मलिक थे। आयोजन समिति के सदस्यों में सुमित मलिक, लव कुमार, सुरेंद्र मलिक, सक्षम, शौर्य और आयुष ने रक्तदान किया।

## भक्ति, योग और वैदिक विचारों पर जोर

- आर्य समाज ऋषि नगर अलीपुर में वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय दिव्य सत्संग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

आर्य समाज ऋषि नगर पुनर्स्थापित अलीपुर में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव एवं दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का शुभारंभ संस्था प्रधान विनोद कुमार बत्रा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ के साथ किया गया, जिसके पश्चात संगीत सम्राट दिनेश आर्य पथिक ने विक्रमी संवत नव वर्ष, ईश्वर भक्ति, दोषों के निवारण और गुणों के धारण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मुख्य वक्ता आचार्य योगेश वैदिक ने अपने संबोधन में महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के अनुसार जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में तीन प्रकार के लोग होते हैं, जो मनोरंजन, ज्ञान और आत्म सुधार के माध्यम से जीवन की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम में जवाहर लाल बत्रा, दीक्षा आचार्या, हरि चन्द स्नेही, रमेश मानकटालिया, ज्ञानेश्वर त्यागी, राजेंद्र तनेजा, कनिष्क आर्य, अशोक पुरी और शांति भारती सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुरुक्षेत्र में 23 को जन क्रांति रैली का दिया निमंत्रण

- समझौते से न केवल खेती बल्कि देश की समग्र अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा : बलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। किसान यूनियन चढूनी के ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत राठी आहुलाना में किसानों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों और मजदूरों को एकजुट करने के लिए 23 मार्च को कुरुक्षेत्र में किसान-मजदूर जन क्रांति रैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी के ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत राठी ने आहुलाना गांव में किसान मजदूर जन क्रांति रैली अमेरिका डील के बारे में लोगों को बताते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्योता दिया। राठी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसानों के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कृषि क्षेत्र को इस समझौते में शामिल किया गया तो छोटे और मध्यम किसान अमेरिकी किसानों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में नहीं टिक पाएंगे। इससे देश की कृषि व्यवस्था पर गंभीर संकट आ सकता है। राठी ने कहा कि अमेरिका में किसानों को भारी सब्सिडी मिलने के कारण वहां के उत्पाद सस्ते पड़ते हैं, जिससे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को अपनी उपज कम दाम पर बेचनी पड़ेगी। विदेशी डेयरी उत्पादों के आयात बढ़ने से भारतीय दुग्ध उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। राठी ने कहा कि इसके अलावा बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कृषि क्षेत्र पर नियंत्रण बढ़ने का भी खतरा है, जिससे किसानों को महंगे बीज, कीटनाशक और उपकरण खरीदने पड़ सकते हैं। उन्होंने किसानों और मजदूरों से आह्वान किया कि वे 23 मार्च को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करें।

### रेसलिंग में सागर दहिया ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सागर दहिया ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बीच रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सागर दहिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बीच रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 11 मार्च तक चेन्नई में किया गया, जिसमें देशभर के लगभग 50 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

# भारतीय नववर्ष और संस्कृति पर वक्ताओं ने रखे विचार, कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

अखिल भारतीय साहित्य परिषद सोनीपत इकाई ने नव संवत पर किया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय साहित्य परिषद सोनीपत इकाई द्वारा नव संवत के अवसर पर हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रान्तीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय नव संवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम अंग्रेजी वर्ष 2026 से 57 वर्ष आगे चल रहे हैं, जो भारतीय कालगणना की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलाश्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश ने कहा कि वर्तमान समय भारतीय आध्यात्मिक जागृत चेतना का स्वर्णिम युग है। उन्होंने बताया कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति ने विश्व को सनातन ज्ञान के माध्यम से ऐसी रोशनी दी, जिसके आधार पर आज विज्ञान निरंतर प्रगति कर रहा है। रामधन शर्मा ने नववर्ष के उपलक्ष्य में अपनी कविता नवसंवत्सर, सृष्टि जयंती, चैत्र पर्व पुण्यदायिनी, प्रति-पदा शुक्ल पक्ष की, नव संवत्सर आई जयन्ती, जय हो महादिवस की प्रस्तुत की। हिन्दू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य एवं परिषद की महासचिव किरन गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में बेटियों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर परिषद ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सीमा पाराशर को सहसचिव नियुक्त किया। कार्यक्रम में लाजपत मदान, सीमा पाराशर, मंजू मुखिजा, मनोज अत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समाज को जागरूक करने की दिशा में कर रहे हैं प्रयास : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गौड़ ब्राह्मण संस्था रोहतक के प्रिंसिपल डॉ. जयपाल शर्मा शुक्रवार को साथियों सहित ब्राह्मण उत्थान समिति सोनीपत के कार्यालय मुरथल रोड पहुंचे। जहां समिति के अध्यक्ष पंडित मुकेश शर्मा ने उनकभव्य स्वागत किया। अतिथियों को पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्राह्मण समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि समाज को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को एकजुट करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया ।



सोनीपत। अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति के अध्यक्ष एवं अन्य।

## विवि स्तर पर आंचल को तीसरा स्थान

- एमए हिंदी की टॉप-20 सूची में जीवीएम की तीन छात्राओं ने दर्ज करवाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में एमए हिंदी की टॉपर छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा आंचल ने विवि स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। आंचल सहित कालेज की तीन छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मदवि रोहतक ने एमए हिंदी के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह जानकारी हिंदी की विभागाध्यक्ष डा. वंदना मलिक ने दी। उन्होंने बताया कि आंचल के अलावा चहक ने पांचवां, मनीषा ने 16वां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह की अगुवाई में मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं का कालेज में अभिनंदन किया गया। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डा. वंदना मलिक तथा सदस्य प्राध्यापिकाओं डा. सुशीला, डा. नीति, डा. संगीता व वीना ने भी टॉप-20 सूची में शामिल छात्राओं को बधाई दी। वहीं मदवि रोहतक द्वारा घोषित बीबीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा योजना दहिया ने विवि स्तर पर छठा स्थान हासिल किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डा. प्रवीण शर्मा व प्राध्यापिकाओं आस्था बतरा, संगीता शर्मा व अर्चना खुराना ने भी बधाई दी।

**सूचना**

मैं, जय देव पिता जी आर्मी नं 3210165Y/ NK नाम साहिल UNIT -18 JAT निवासी ग्राम पोस्ट बिधलान तहसील खरखौदा जिला सोनीपत राज्य हरियाणा पिन कोड-131402 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के आर्मी रिकार्ड के अनुसार मेरी गलत जन्मतिथि 08.02.1968 है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 01.01.1960 है जो सही की जाए।

**सूचना**

मैं, सतवंती माता जी आर्मी नं 3210165Y/ NK नाम साहिल UNIT -18 JAT निवासी ग्राम पोस्ट बिधलान तहसील खरखौदा जिला सोनीपत राज्य हरियाणा पिनकोड-131402 बयान करती हूं कि मेरे पुत्र के आर्मी रिकार्ड के अनुसार मेरा गलत नाम यशवंती व गलत जन्मतिथि 04.09.1975 लिखा है। जबकि मेरा सही नाम सतवंती व सही जन्मतिथि 01.01.1963 है जो सही की जाए।

**खबर संक्षेप**

## अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

**खरखौदा।** क्राइम यूनिट खरखौदा की टीम ने गश्त के दौरान रोहतक सांपला बाईपास पर चेकिंग के दौरान सिसाना के युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने फायर करके जानलेवा हमला करने की घटना में आरोपित गांव पिनाना के सन्नी को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गांव बीधल के जोनी ने 26 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह रात के समय अपने घर की छत पर था। उसी समय दो बाइकों पर रजवाहे की तरफ से कई युवक आए।

## लव मैरिज के बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत

**खरखौदा।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका दीपिका की उम्र करीब 29 वर्ष थी। जिसकी शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। परिवार के अनुसार,19 मार्च की सुबह तक दीपिका ने अपने मायके वालों से सामान्य बातचीत की थी। लेकिन उसी दिन शाम करीब 7 बजे ससुराल पक्ष की ओर से फोन पर जानकारी दी गई कि दीपिका ने फांसी लगा ली है।

### महिला विवि में तीन दिवसीय लोक कला उत्सव का समापन, कलाकार सम्मानित

# 'लोक कला उत्सव' में कलाकारों संग खूब थिरकी कॉलेज छात्राएं

**अधिवक्ता राम कुमार मित्तल ने 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी**

*छात्राओं ने कलाकारों के साथ प्रस्तुतियों पर किया नृत्य, मुख्य अतिथि डॉ. रीटा शर्मा ने कलाकारों को 21 हजार रुपये दिए।*






**गोहाना।** प्रस्तुति देते हुए कलाकार व कलाकारों को सम्मानित करते हुए डॉ. रीटा शर्मा, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में चल रहे तीन दिवसीय लोक कला उत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग व धर्म पुत्र कला मंच एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव के समापन पर विवि की छात्राएं कलाकारों के संग खूब थिरकी।

समापन की मुख्य अतिथि समाजसेवी डा. रीटा शर्मा थीं जिन्होंने उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और अपने निजी कोष से उनको 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के हरियाणा सह प्रचार प्रमुख विक्रांत सिंह व नार्थ जोन कल्चरल केंद्र पटिआला के सहायक निदेशक रविंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता राम कुमार मित्तल, सामाजिक सद्भाव प्रान्त टोली सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। उन्होंने कलाकारों के उत्साह वर्धन के लिए निजी कोष से 11 हजार रुपये की राशि प्रदान की।

### लोक कला उत्सव में विविध नृत्यों ने मोहा मन

समारोह में पंजाब की टीम ने लोक गीत गुद्दी, हरियाणा के पारंपरिक नृत्य घूमर, असम के बारदोई शिकला, महाराष्ट्र के लावणी और राजस्थान के चरी नृत्य, उत्तर प्रदेश के देदिया नृत्य तथा पंजाब के फोक बैंड और सिंगर गुरलीन कौर पटिआला ने दर्शको को थिरकने पर मजबूर कर दिया। धर्म पुत्र कलां मंच के अध्यक्ष मनोज जाले ने कहा कि महिला विवि में आयोजित इस कार्यक्रम ने उनकी ऊर्जा को और अधिक बढ़ा दिया है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, प्रो. हवा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. जगदीप सिंगला, डा. ईशानी, डा. मोनिका, अमन व सैम भारद्वाज सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### नाटक : छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभावों को उजागर किया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के सहयोग से नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता नारकोटिक्स सेंटर से एएसआई आशीष एवं एएसआई सुरेश रहे। एएसआई आशीष ने कहा कि यह युवाओं के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। युवा नशे से दूर रहें, स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी इसके खिलाफ जनजागरण फैलाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता



डॉ. सुषमा जोशी ने की। विशेष आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा, जिसे अनु कुमारी, निशा कुमारी, निशा भारती, आरती कुमारी, इशिका कुमारी, तनु कुमारी, नंदिनी कुमारी, मोनिका कुमारी एवं वंदना सहित छात्राओं की टीम ने प्रस्तुत किया। यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर दो बार विजेता रह चुकी है और अपनी सशक्त प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने नशे के खिलाफ प्रभावी संदेश दिया। मंच संचालन प्रीति धनखड़ ने किया। विशेष भूमिका नोडल अधिकारी मंजू पंवार की रही।

## जैन गर्ल्स कॉलेज में रेड क्रॉस प्रशिक्षण छात्राओं ने सीखी प्राथमिक चिकित्सा




**गन्नौर।** छात्राए दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने के विभिन्न तरीकों की जानकारी लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जैन गर्ल्स कॉलेज गन्नौर में शुक्रवार को रेड क्रॉस की ओर से विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने छात्राओं को दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने के विभिन्न तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को हृदय गति रुकने की स्थिति में दी जाने वाली जीवन रक्षक प्रक्रिया, रक्तस्राव रोकने के उपाय, घायलों की देखभाल तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण शिविर में कॉलेज की रेड क्रॉस इकाई और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की करीब 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की, जिससे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में मदद करने का आत्मविश्वास बढ़ा। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज ने कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे छात्राओं में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को न केवल जागरूक बनाती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील भी बनाती हैं।

## कन्या कॉलेज का नामकरण सावित्रीबाई फुले के नाम पर किए जाने पर सीएम का जताया आभार



**खरखौदा।** कन्या कॉलेज का नामकरण प्रथम शिक्षिका महिला सावित्रीबाई फुले के नाम पर करने पर विधायक पवन खरखौदा ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से क्षेत्र वासियों की मांग थी कि शहर के एकमात्र कन्या कॉलेज का नामकरण प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम पर किया जाए। उक्त मांग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने रखी गई थी। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करके इसका नामकरण करने का काम किया है। जिससे क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले कोई साधारण महिला नहीं थी बल्कि उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए अथक परिश्रम किया था।

## सरकार की बेरुखी झेल रहा बरोदा हलका : इंदुराज

*आरोप : विधानसभा के बजट सत्र में बिना कारण प्रश्नों को किया रद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** लंबित मांगों की सूची दिखाते हुए विधायक इंदुराज नरवाल।

बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि बरोदा हलका क्षेत्र में विकास करवाने को लेकर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। क्षेत्र में काफी विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। बरोदा हलका में विकास को लेकर सरकार संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई और ज्वलंत मुद्दों को लेकर उनके सवालों को बिना कारण रद कर दिया गया।

विधायक ने शुक्रवार को गोहाना में बरोदा मार्ग स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि गांव कथूरा, आहुलाना, सिवानका माइनर एवं बुटाना डिस्ट्रीब्यूटरी के एस्टीमेट 2 वर्ष से लंबित है। सरकार ने विधानसभा सत्र में बजट न होने की बात कहकर इस विषय को टाल दिया।

गांव रिंढाणा के 19 अंतरराष्ट्रीय व करीब 400 राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। बावजूद इसके यहां मल्टीपरपज हाल नहीं है। विधायक ने कहा कि विधानसभा में उनके द्वारा गांव बुटाना में चौ. धज्जाराम जनता महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने, छह क्रम के रास्ते बनाने और नहरी खालों के नवनिर्माण संबंधी प्रश्नों को विस में रद कर दिया गया। सरकार ने राइस मिल को लेकर जमीन उपलब्ध न होने की बात कहते हुए इस मामले को टाल दिया।



**गोहाना।** लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री डा. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### भीड़ और विकास के मामले में रिकार्ड तोडेगी गोहाना रैली : डॉ. अरविंद

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्यातिथ्य में 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाली गोहाना विधानसभा की धन्यवाद एवं विकास रैली भीड और विकास परियोजनाओं की सौगात के मामले में रिकार्ड तोड़ रैली साबित होगी। रैली को लेकर लोगों में उत्साह है। डॉ. अरविंद शर्मा ने रैली को लेकर शुक्रवार को सैनी धर्मशाला इन्द्रगढी, अग्रवाल सत्संग भवन, देवीपुरा और खंदराई मोड समेत दर्जन भर स्थानों पर सभाएं करके रैली का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने लगातार जनहित की नीतियों की बदौलत आमजन में अपना भरोसा बढ़ाया है। यही कारण है कि देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार जनसेवा के दायित्व को निभा रही है।

## चीफ इंजीनियरों से विधायक कृष्णा गहलावत ने की कुंडली के विकास कार्यों को लेकर चर्चा

- हलके में कोई भी समस्या नहीं रहनी चाहिए : कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के अधीन सभी विभागों के अधिकारियो की बैठक लेते हुए।

राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के अधीन सभी विभागों के अधिकारियों, जन स्वास्थ्य विभाग व कुंडली नगरपालिका के अधिकारियों के साथ बैठक कर कुंडली में करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। जिसमें विधायक कृष्णा गहलावत ने करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले कार्यों को शीघ्र पूरा करने और जिन कार्यों का टेंडर में देरी हो रही है उनके शीघ्र टेंडर ओपन कर जल्दी शुरू करने के आदेश दिए। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण में चीफ इंजीनियर कृष्ण दहिया (पब्लिक हेल्थ ), चीफ इंजीनियर राजीव गुप्ता ( सीवरेज) , चीफ इंजीनियर राजेश मोहन मेहरा (सड़क निर्माण), कुंडली नगर पालिका सचिव पवित्र गुलिया, जन स्वास्थ्य विभाग के एक्शन गौतम कुमार आदि से चर्चा कर काम शीघ्र पूरा करने व बाकी कार्यों के जल्दी टेंडर करने के आदेश दिए । अधिकारियों ने विधायक को बताया कि कुंडली में करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले एसटीपी के निर्माण कार्य को लेकर 8 अप्रैल को टेंडर हो गया है।

## बैंक ने मटिंडू के सरकारी स्कूल में वितरित की साइकिलें व वर्दियां



**खरखौदा।** विद्यार्थियों को साइकिल सौंपते बैंक अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर स्कीम के अंतर्गत 50 साइकिलें और 270 स्कूल वर्दियां वितरित की गई। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हरियाणा के डीजीएम तपन शर्मा के नेतृत्व में कार्य का आगाज हुआ। शिक्षा विभाग से डिप्टी डीईओ रवींद्र कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक हरियाणा नरेंद्र सिंह, ज्योति एच आर सोनीपत और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, खरखौदा ब्रांच मैनेजर अक्षय दुआ मुख्य रूप से रहे। इस पुनीत कार्य में सतीश गर्ग कलायत, डॉ चंद्रभान, पूर्व सरपंच मित्रसेन, सरपंच प्रतिनिधि बलवान, वीरेंद्र ठेकेदार, एसएमसी प्रधान दिनेश ने भागीदारी की। तपन शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों की सहायता को उनके उज्ज्वल भविष्य में सहायक बताया। प्राचार्य प्रमोद कुमार ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस व इनेलो ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की कमजोर: बड़ौली

- देश में तेल एवं गैस की कोई कमी नहीं, विपक्ष सुर्खियां बटोरने के लिए फैला रहा है भ्रम : मोहन लाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता में प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है। इस दौरान उन्होंने हरियाणा बजट, राज्यसभा चुनाव, ईरान-अमेरिका, इजराइल युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक संकट व विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार कटारिया, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश को "विकसित हरियाणा" के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर करने वाला दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी बजट है। बड़ौली ने विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बजाय बार-बार वॉकआउट कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। सदन के भीतर अपनी बात रखने के बजाय विपक्ष ने मीडिया के माध्यम से भ्रम फैलाने और सुर्खियां बटोरने का काम किया।

### राज्यसभा चुनाव पर भाजपा का बयान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। एक सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विभिन्न दलों के विधायकों ने अपने विवेक और अंतरात्मा के अनुसार मतदान किया। उन्होंने इनेलो पर भी निशाना साधा। बड़ौली ने कहा कि इनेलो ने राज्यसभा चुनाव का बहिष्कार करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। राज्य सभा चुनाव में कुछ मतों के निरस्तीकरण के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यह मामला न्यायालय में जाता है तो न्यायालय के निर्णय का पूर्ण सम्मान किया जाएगा। मोहन लाल बड़ौली ने एक अन्य सवाल पर कहा कि वैश्विक संकट पर सरकार सतर्क है जनता को घबराने की आवश्यकता नहीं है।




**गन्नौर।** पूर्व विधायक, संस्थापक श्याम दास महाराज व अन्य रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए । फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित

**गन्नौर।** रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल द्वारा शुक्रवार को श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साह से 56 यूनिट रक्तदान किया। पूर्व विधायक निर्मल चौधरी ने भी शिरकत की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता, इसे केवल जागरूकता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। शिविर में मंदिर के संस्थापक श्याम दास महाराज, गौशाला के प्रधान सतपाल शर्मा तथा क्लब के पूर्व प्रधान अजय त्यागी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। क्लब के प्रधान प्रवीन मित्तल ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। क्लब के सचिव नितिन बंसल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## विधिक जागरूक कार्यक्रम में बंदियों को किया जागरूक



**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला कारागार, सोनीपत में बंदियों के लिए एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसल नवीन रतेवाल द्वारा बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, जमानत, अपील के अधिकार, लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा कानूनी सहायता प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**हिंदू धर्म में आस्था व श्रद्धा का पर्व है नवरात्र उत्सव, मंदिरों से लेकर घरों में चल रहे अनुष्ठान, पूजन के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु**

# चैत्र नवरात्र: मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना, मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चैत्र नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधिविधान से पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि माता रानी की ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना से मनुष्य को अपार शक्तियों की प्राप्ति होती है। मंदिरों में दिनभर माता रानी के जयकारों की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मत्था टेका और घर-परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतार में लगकर माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। नवरात्र को लेकर शहरभर के प्राचीन मंदिरों को लाइटों, रंग-बिरंगी लड़ियों व फूलों से सजाया गया है। बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर चहल-पहल नजर आ रही है। नवरात्र उत्सव के चलते पूजन सामग्री की बिक्री में इजाफा है। हलवाई हट्टा स्थित



सिद्धपीठ श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड पर सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी मां महाकाली मंदिर, गांव चिटाना स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, मॉडल टाउन में नवदुर्गा माता मंदिर, सेक्टर-14 में माता चिंतपूर्णी मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। नवरात्र उत्सव को लेकर शहर में आध्यात्मिक माहौल है। लोग भक्ति से सराबोर हैं। कई मंदिरों व घरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। पंडित अमित शौनक ने बताया कि नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी।



**सोनीपत।** आरती करते पंडित अमित शौनक व श्रद्धालु।



**सोनीपत।** शचंडी मां महाकाली मंदिर में उमड़ी भीड़।

### मां चंद्रघंटा की आराधना से सुखमय होगा जीवन

पंडित अमित शौनक ने बताया कि मां चंद्रघंटा की आराधना से श्रद्धालुओं का जीवन सुखमय होता है। भक्तों को चिरायु, आरोग्य, सुखी व संपन्न होने का वरदान प्राप्त होता है और स्वर में दिव्य, आलौकिक माधुर्य का समावेश हो जाता है। मां चंद्रघंटा की आराधना ऊं देवी चंद्रघंटायै नमः का जप करके की जाती है। श्रद्धालु पूजन के दौरान मां चंद्रघंटा को सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप, पुष्प अर्पित करें।

### मंदिर का इतिहास पांच हजार वर्ष पुराना

शहर के कामी रोड स्थित सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी मां महाकाली मंदिर का इतिहास करीब साढ़े पांच हजार वर्ष पुराना है। पुजारी पंडित हनुमान प्रसाद पाठक ने बताया कि सोनीपत के नाम से विख्यात स्वर्णप्रस्थ नगरी में पांडवों ने महाभारत काल के दौरान छोटे से मठ की स्थापना कर श्री चंडी महाकाली की पूजा-अर्चना कर युद्ध में प्रस्थान किया था। इसके बाद मठ को ग्राम देवी के नाम से भी जाना जाने लगा।